Media Coverage

Publication	Date	Edition	Headline	Size
Vishwamitra	18 Dec 2021	Kolkata	Genius Consultants And ESSCI Signed MoU To Upskill Employable Youth	160

रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए जीनियस फाउंडेशन की ईएसएससीआई से साझेदारी

कोलकाता, 17 दिसंबर (नि.प्र.)। राजगार क्षमता बढ़ाने और रोजगार योग्य युवाओं को आगे बढ़ाने की दृष्टि से अग्रणी मानव संसाधन संगठन, जीनियस कंसल्टेंट्स लिमिटेड की सीएसआर शाखा जीनियस फाउंडेशन ने इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के साथ सहयोग किया है। इस सहयोग के तहत विभिन्न रोजगार योग्य श्रमिकों के बीच कौशळ विकास के लिए प्रशिक्षण और कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस प्रयास को शुरू करने के लिए जीनियस कंसल्टेंट्स लिमिटेड और ईएसएससीआई द्वारा प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर आरपी यादव, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, जीनियस कंसल्टेंट्स लिमिटेड, पीयूष चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष, ईएसएसआई, बिक्रम दास, राज्य संबद्ध अधिकारी, एनएसडीसी, और अभिजीत चटर्जी, अध्यक्ष, एसेसिव एडुकेयर लिमिटेड की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरा, हम ओयू पर हस्ताक्षर के बाद गेस्ट ऑफ ऑनर, साक्षी गोपाल साहा, जीएम, पीएनबी बैंक, और आरपी यादव, सीएमडी, जीनियस कंसल्टेंट्स लिमिटेड ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में आकर्षक पैनल चर्चा हुई, जिसमें विषयों पर प्रकाश डाला गया। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए जीनियस कंसल्टेंट्स लिमिटेड के सीएमडी, आरपी यादव ने कहा, हम स्थायी रोजगार सृजन और समावेशी विकास की दिशा में कामं कर रहे ईएसएससीआई के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हम विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करेंगे।

To read more click on the link